उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

संख्या : ओ.यू./1027 /2023 दिनाँक 28–10–2023

सूचना

एतद्द्वारा मा. कुलपति जी के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के समस्त निदेशकों/प्रभारियों/अधिकारियों/शिक्षकों/परामर्शदाताओं/कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि ए.आई.सी.टी.ई., नई दिल्ली के ई–मेल दिनाँक 27 अक्टूबर, 2023 एवं उसके साथ सलग्न मंत्रिमंडल सचिव, भारत सरकार के पत्र संख्या D.O. No. 281/1/7/2017-TS दिनाँक 23 अक्टूबर, 2023 के अनुपालन में **सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के उपलक्ष्य में दिनाँक 25 से 31 अक्टूबर, 2023 को राष्ट्रीय एकता सप्ताह** के रूप में मनाया जा रहा है। उक्त क्रम में **दिनाँक 31–10–2023 को सरदार वल्लभ भाई पटेल** के जन्मोत्सव को **'राष्ट्रीय एकता दिवस'** के रूप में मनाये जाने हेतु शिक्षा विद्याशाखा के तत्वावधान में विश्वविद्यालय में **'रन फॉर यूनिटी'** का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। उक्त दौड़ विश्वविद्यालय के गंगा परिसर (प्रशासनिक भवन) से पूर्वाह्न 11:00 बजे प्रारम्भ होकर सरस्वती परिसर स्थित अटल प्रेक्षागृह पर समाप्त होगी। तदोपरान्त राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी जायेगी।

कृपया तदनुसार उक्त आयोजन में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

(विनय कुमार)
कुलसचिव

पृ.संख्या : ओ.यू./1027/2023 तददिनाँक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. विश्वविद्यालय की समस्त विद्याशाखाओं के निदेशकों/प्रभारियों/अधिकारियों को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने विद्याशाखा/विभाग/अनुभाग/प्रकोष्ठ से सम्बन्धित शिक्षकों/परामर्शदाताओं/कर्मचारियों को उक्त सूचना के सम्बन्ध में अपने स्तर से सूचित करने का कष्ट करें।
2. प्रो. छत्रसाल सिह, आचार्य, शिक्षा विद्याशाखा, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
3. प्रभारी, आई.सी.टी. को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त कार्यक्रम की सूचना विश्वविद्यालय वेबसाइट में अपलोड कराने का कष्ट करें।
4. वित्त अधिकारी, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
5. कुलपति जी के निजी सचिव को माननीय कुलपति जी के सादर सूचनार्थ।

(विनय कुमार)
कुलसचिव